प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
इ-मेल email: helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001

**DEPARTMENT OF COMMUNICATION**, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 91 22 2266 0502 फैक्स/Fax: 91 22 22660358

September 24, 2015

## RBI announces Inter-Bank Hindi Essay Competition - 2015-16

The Reserve Bank of India today announced subjects for its Inter Bank Hindi Essay Competition 2015-2016. These are:

1. वित्तीय समावेशन की मुहिम और प्रधानमंत्री जन-धन योजना
2. पेमेंट बैंक की अवधारणा - वित्तीय समावेशन के परिप्रेक्ष्य में
3. ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग – अवसर और चुनौतियां

With a view to encouraging original writing in Hindi on banking subjects, the Reserve Bank conducts Inter-Bank Hindi Essay Competition every year. Employees, except Rajbhasha officers and translators, of all public sector banks (including Regional Rural Banks sponsored by them), financial institutions and Reserve Bank of India are eligible to participate.

The competition is conducted separately for the participants whose mother tongue is: (i) Hindi; (ii) Marathi, Punjabi and Gujarati and (iii) other than those mentioned in (i) and (ii). Three prizes - in the form of cash awards of ₹11000, ₹7000 and ₹5000, respectively, for first second and third prize – are awarded in each category.

Participants may send the essay - of about 3000 to 4000 words and indicating their mother tongue on it - on any one of the three subjects to:

General Manager
Rajbhasha Department
Reserve Bank of India
Central Office, C-9, Second Floor
Bandra-Kurla Complex, Bandra (East)
Mumbai-400 051

Last date for submission of the essay is November 16, 2015 (Monday).

The rules for the competition are given in Annex 'A'. The format of the certificate stating that the essay is original and not sent elsewhere for award or publication to be submitted by the participating officers/employees is in Annex 'B'.

**Alpana Killawala**
Principal Chief General Manager

**Press Release : 2015-2016/752**

Annexure 'A'

<u>भारतीय रिज़र्व बैंक की अंतर बैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता - नियम</u>

1. यह प्रतियोगिता सरकारी क्षेत्र के बैंकों (उनके द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित), सरकारी वित्तीय संस्थाओं तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के सभी कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों के लिए है। इसमें राजभाषा अधिकारी/अनुवादक भाग नहीं ले सकते हैं।

2. निबंध के लिए शब्दों की सीमा लगभग 3000 से 4000 तक रखी गई है । शब्दों की सीमा का कड़ाई से पालन किया जाएगा और उक्त सीमा का उल्लंघन करने वाले सहभागी को निबंध प्रतियोगिता के लिए अपात्र माना जाएगा।

3. निबंध हिंदी में क्वार्टो साइज कागज पर एक ओर टाइप किया हुआ होना चाहिए । हाथ से लिखे हुए निबंध भी स्वीकार किए जाएंगे, बशर्ते वे साफ-साफ लिखे गए हों और आसानी से पढ़े जा सकते हों।

4. प्रतियोगिता मातृभाषा के अनुसार (i) हिंदी भाषियों (ii) मराठी, पंजाबी और गुजराती भाषियों तथा (iii) उक्त (i) एवं (ii) को छोड़कर अन्य गैर हिंदी भाषा-भाषियों के लिए अलग-अलग आयोजित की जाएगी । <u>**प्रतियोगी दिए गए तीन विषयों में से अपनी पसंद के किसी एक विषय पर निबंध भेज सकते हैं।**</u> प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

5. **कृपया नोट करें कि केवल हिंदी में लिखे गये निबंध ही स्वीकार किये जाएंगे।**

6. प्रथम पुरस्कार की राशि **11,000/-** रुपए, द्वितीय पुरस्कार की राशि **7000/-** रुपए तथा तृतीय पुरस्कार की राशि **5000/-** रुपए है।

7. प्रतियोगिता के परिणाम की सूचना बैंकों के प्रधान कार्यालयों को ही दी जाएगी और वे ही अपने समस्त स्टाफ-सदस्यों को परिणामों से अवगत कराएंगे। केवल विजेताओं को ही व्यक्तिगत रूप से सूचित किया जाएगा।

8. **प्रत्येक सहभागी को संलग्न फार्म के अनुसार अपने संबंधित बैंक के माध्यम से अपनी मातृभाषा सूचित करते हुए यह प्रमाणपत्र देना होगा कि उनका निबंध मौलिक है तथा उन्होंने उसे अन्यत्र पुरस्कार या प्रकाशन के लिए नहीं भेजा है।**

9. **प्रतियोगी <u>द्वारा निबंध पर कहीं नाम, पता आदि नहीं लिखा होना चाहिए अन्यथा प्रविष्टि स्वीकार नहीं की जाएगी।</u>**

10. निबंध में कोटेशन आदि देते समय स्रोत का उल्लेख किया जाना आवश्यक होगा।

11. **तीन वर्ष तक लगातार पुरस्कार पाने वाले व्यक्ति को चौथे वर्ष पुरस्कार न देकर एक श्रेष्ठता प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।** पांचवे वर्ष से वह प्रतियोगिता में सामान्य रूप से पुरस्कार पाने का पात्र होगा।

12. प्रतियोगिता के संबंध में रिज़र्व बैंक का निर्णय अंतिम और सहभागियों के लिए बाध्यकारी होगा।

13. निबंध भेजने की <u>अंतिम तारीख **16 नवंबर 2015 (सोमवार)** है</u>।

14. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारी/कर्मचारी अपने निबंध संबंधित शाखा/विभाग के मुख्य अधिकारी के प्रमाणन के साथ सीधे ही निम्नलिखित पते पर भेजें :

महाप्रबंधक
भारतीय रिज़र्व बैंक
राजभाषा विभाग, केंद्रीय कार्यालय
सी 9, दूसरी मंज़िल, बांद्रा कुर्ला संकुल
बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400 051

15. प्रतियोगिता के विजेताओं को रिज़र्व बैंक राजभाषा शील्ड पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा तथा समारोह में शामिल होने वाले विजेताओं को संबंधित बैंक 'ड्यूटी पर' मानेगा।

16. पुरस्कृत निबंधों पर भारतीय रिज़र्व बैंक का सर्वाधिकार होगा। पुरस्कार विजेता निबंध को अन्यत्र नहीं छपवाएगा।

Annexure 'B'

## प्रमाणपत्र का नमूना

मैं ---------------------------------------------------------------------------- यह प्रमाणित करता/करती हूं कि

( पूरा नाम )

मैं ---------------------------------------------------------------------------------------------------------------
-----------------------------------------------------------------------------------------------------में (बैंक एवं शाखा का नाम और पिन कोड सहित पूरा डाक पता)* पिछले ------------वर्षों से---------------------------------- ------------------------------के पद पर कार्यरत हूं और मेरी मातृभाषा ---------------------------है ।

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा आयोजित अंतर-बैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता 2015-16 के लिए भेजा जाने वाला मेरा निबंध मौलिक है तथा अन्यत्र पुरस्कार या प्रकाशन के लिए नहीं भेजा गया है ।

हस्ताक्षर :-------------------

स्थान :-------------------

तारीख :-------------------

| | |
|---|---|
| अंग्रेजी में नाम | |
| टेलीफोन/मोबाइल नं. | |
| कार्यालय का फोन नं./ फैक्स नंबर | |
| ई-मेल पता : | |

*** निबंध प्रतियोगिता के परिणाम घोषित होने के बाद यदि पुरस्कृत सहभागी के डाक पते में परिवर्तन होता है तो कृपया हमें rajbhashaco@rbi.org.in पर सूचित करें।**

---

श्री/सुश्री/श्रीमती -----------------------------------------------------------------------------हमारे बैंक के/की कर्मचारी हैं।

( पूरा नाम )

प्रमाणित करने वाले बैंक अधिकारी के हस्ताक्षर : -----------------------

अधिकारी का पूरा नाम : -------------------------------------------------------

पदनाम : -------------------------------------------------------

तारीख : -------------------------------------------------------

फैक्स संख्या : -------------------------------------------------------

दूरभाष सं. : -------------------------------------------------------

**बैंक की मुहर**